ब्रेन इंटरनेशनल स्कूल

सत्र 2024-25

कक्षा – तीन **वार्षिक परीक्षा पुनरावृत्ति पत्रक -1** **विषय : हिंदी**

नाम-...................................... कक्षा-......................... वर्ग- .... दिनांक- ....

अपठित बोध

प्रश्न-1 निम्नलिखित गद्यांश को पढ़कर पूछे गए प्रश्नों के उत्तर दीजिए।

रामू एक छोटा लड़का था, जो एक छोटे से गाँव में रहता था। उसका गाँव पहाड़ों के बीच बसा हुआ था, जहाँ चारों तरफ हरियाली थी। रामू को जानवरों से बहुत प्यार था। उसके पास एक छोटा-सा बगीचा भी था, जहाँ वह अक्सर छोटे-छोटे पक्षियों को खाना खिलाया करता था। एक दिन, वह खेत में खेल रहा था। खेत में दौड़ते हुए उसकी नजर एक छोटे-से पिल्ले पर पड़ी। पिल्ला भूखा और थका हुआ लग रहा था। उसकी हालत देखकर रामू को उस पर बहुत दया आई। वह धीरे-धीरे उसके पास गया ताकि पिल्ला डर न जाए। रामू ने प्यार से उसे सहलाया और उसे अपने घर लाने का फैसला किया। घर पहुँचकर रामू ने पिल्ले के लिए दूध गरम किया। उसने पिल्ले को दूध पिलाया और उसके लिए एक नरम कपड़े का बिस्तर बनाया ताकि वह आराम से सो सके। रामू ने उसकी अच्छे से देखभाल की। हर दिन वह पिल्ले को समय पर खाना खिलाता और उसके साथ खेलता। पिल्ला भी धीरे-धीरे ठीक होने लगा।रामू ने उस पिल्ले का नाम टॉमी रख दिया। रामू के जीवन में टॉमी के आने से और भी खुशियाँ आ गई थीं। दोनों की दोस्ती एक मिसाल बन गई थी।

(क) रामू का गाँव किसके बीच बसा हुआ था ?

(i) पहाड़ों के (ii) नदी के (iii) झरने के

(ख) रामू अक्सर किन्हें खाना खिलाया करता था ?

(i) चीटियों को (ii) पक्षियों को (iii) मछलियों को

(ग) पिल्ले को घर लाने के बाद रामू ने क्या किया ?

....

....

(घ) रामू कौन था और वह कहाँ रहता था ?

....

....

(ङ) 'दोस्ती' शब्द का विलोम शब्द लिखिए |

....

पाठ्यपुस्तक

प्रश्न-2 निम्नलिखित प्रश्नों के उत्तर 30-40 शब्दों में दीजिए |

(क) एंड्रयूज़ भारत क्यों आये थे ?

....

....

(ख) यदि चिड़िया वापस अण्डों पर बैठ जाती तो क्या होता ?

....

....

(ग) बालक बार-बार चौंक-चौंककर क्यों उठ जाता था ?

....

....

प्रश्न-3 रिक्त स्थानों की पूर्ति कीजिए -

(क) अंडे देखकर .... का चेहरा एकदम गंभीर हो गया |

(ख) बालक .... के रास्ते खेलता-कूदता अपने घर जा रहा था |

(ग) बालक सपने में .... की चीं-चीं सुनता रहा |

प्रश्न-4 निम्नलिखित शब्दों के अर्थ लिखकर वाक्य में प्रयोग कीजिए -

(क) टहनी - ....

वाक्य-..

(ख) घोंसला - ....

वाक्य-..

(ग) दृष्टि - ....

वाक्य-..

प्रश्न-5 किसने,किससे कहा-	**किसने**	**किससे**
(क) हाय-हाय ! तूने यह क्या किया ?	....	....
(ख) तूने यह नहीं सोचा की चिड़िया कितनी दुखी होगी ?	....	....
(ग) क्या माँ ? देखती नहीं हो,ये अंडे कितने सुन्दर हैं?	....	....

ब्रेन इंटरनेशनल स्कूल

सत्र 2024-25

कक्षा – तीन **वार्षिक परीक्षा पुनरावृत्ति पत्रक -2** **विषय : हिंदी**

नाम-...................................... कक्षा-......................... वर्ग- .... दिनांक- ....

पाठ्यपुस्तक

प्रश्न-1 निम्नलिखित प्रश्नों के उत्तर 30-40 शब्दों में दीजिए |

(क) नवजीवन कौन देता है तथा किसान जन क्यों हरषाते हैं ?

....

....

(ख) प्रकृति गाँव  का रूप कैसे सँवारती है ?

....

....

(ग) नदी की निर्मलतम धारा कैसे बहती है और वह हमें क्या सन्देश देती है ?

....

....

प्रश्न-2 रिक्त स्थानों की पूर्ति कीजिए -

(क) सुबह-सुबह ही पूर्व दिशा में .... छा जाती है |

(ख) गाँव में खग , कलरव सभी .... रस घोलते हैं |

(ग) पूर्व दिशा में .... पुरवाई चलती है |

प्रश्न-3 निम्नलिखित शब्दों के अर्थ लिखकर वाक्य में प्रयोग कीजिए -

(क) निर्मलतम - ....

वाक्य-...

(ख) किसान - ....

वाक्य-...

(ग) हरषाना - ....

वाक्य-...

<u>**व्याकरण**</u>

प्रश्न-4 निम्नलिखित अनेक शब्दों के लिए एक शब्द लिखिए -

(क) गाँव ने रहने वाला- ....

(ख) महीने में एक बार होने वाला- ....

(ग) आलस करने वाला- ....

(घ) जो अपने देश का हो- ....

प्रश्न-5 निम्नलिखित मुहावरों का अर्थ लिखकर वाक्य में प्रयोग कीजिए |

(क) ईद का चाँद होना ....

वाक्य-...

(ख) लाल-पीला होना ....

वाक्य-...

प्रश्न-6 'मेरा प्रिय खेल' विषय पर 60 -80 शब्दों में एक अनुच्छेद लिखिए |

....

....

....

....

....

....

....

....

....

....

....

....

....

....

....

....

....

ब्रेन इंटरनेशनल स्कूल

सत्र 2024-25

कक्षा – तीन **वार्षिक परीक्षा पुनरावृत्ति पत्रक-3** **विषय : हिंदी**

नाम-....................................... कक्षा-......................... वर्ग- .... दिनांक- ....

व्याकरण

प्रश्न-1 निम्नलिखित शब्दों के दो-दो अर्थ लिखिए |

(क) लाल- ....

(ख) मधु- ....

(ग) चीर- ....

(घ) दल- ....

प्रश्न-2 निम्नलिखित वाक्यों में उचित विराम चिह्न लगाइए |

(क) मैं बाज़ार से आम लीची अंगूर संतरा और अमरुद लायी

(ख) तुम विद्यालय कब आए

प्रश्न-3 सही मिलान कीजिए |

(क) विस्मयादिबोधक चिह्न	?
(ख) पूर्ण विराम	!
(ग) अल्पविराम	।
(घ) प्रश्नवाचक चिह्न	,

प्रश्न-4 रेखांकित अनेक शब्दों के स्थान पर एक शब्द लिखकर वाक्य दोबारा लिखिए |

(क) मेरा दोस्त <u>किसी से नहीं डरता</u> है |

....

(ख) वह आदमी <u>शहर में रहने वाला</u> है |

....

प्रश्न-5 निम्नलिखित मुहावरों के अर्थ लिखिए |

(क) नौ-दो ग्यारह होना- ....

(ख) आसमान सिर पर उठाना- ....

प्रश्न-6 ‘पेड़ों का महत्त्व’ विषय पर 60 -80 शब्दों में एक अनुच्छेद लिखिए |

....

....

....

....

....

....

....

....

....

....

....

....

....

....

....

....

....

....

....

....

....

....

....

....